तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



11 चिरायु योजना से लक्ष्मी को मिला नया जीवन, अब चल सकेगी





12 वन विभाग ने शुरू की नदी का कटाव रोकने की मुहिम





## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.


## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 245 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** इस वर्ष अभी तक औसत वर्षा होने के बावजूद उमस भरी गर्मी से लोग परेशान है वहीं खेतों में पानी की कमी के चलते कृषि कार्यो में तेजी नहीं आ पाई है। भू–अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से अबतक 245 मिलीमीटर औसत दर्ज की गई है। जो कि इसी अवधि में गत वर्ष हुई वर्षा के बराबर है इस वर्ष जिले में सर्वाधिक वर्षा सुहेला तहसील में 358 मिलीमीटर हुई। तहसील बलौदाबाजार 289 मिली, भाटापारा 274 मिली, सोनाखान 233 मिली, टुण्डरा 231.5 मिली, लवन 226.9 मिली, सिमगा 225.5 मिली, पलारी 220.3 मिली एवं कसडोल 151.5 मिलीमीटर सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। जिसकी औसत वर्षा 245.5 मिमी है। इसी तरह 7 जुलाई को 1.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले के तहसीलदार वर्षा में टुण्डरा 3 मिली, लवन 2.3 मिली, पलारी 2.1 मिली,कसडोल 2 मिली, सोनाखान 1 मिली, बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा एवं सुहेला में शून्य मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरिनडोंगरी में एक व्यक्ति ने फांसी लगा लेने की घटना सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 6 जुलाई की दरमियानी रात शोभाराम बरिहा पिता श्यामलाल (32 साल) निवासी ग्राम लोहरिनडोंगरी ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के भाई लोकनाथ बरिहा ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### नशे में धुत मिले दो प्रधान आरक्षक

**महासमुंद।** रथयात्रा में ड्यूटी पर जाने के पूर्व 2 प्रधान आरक्षक नशे में धुत मिले। मेडिकल कराने पर उनके द्वारा शराब सेवन करना पाया गया। जानकारी के अनुसार पिथौरा में रविवार को रथयात्रा के लिए पुलिस ड्यूटी लगाई जा रही थी। जिसके लिए पिथौरा थाने में पुलिस अधिकारी कतार में खड़े (फॉल इन) पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ कर रहे थे। इस दौरान दो पुलिस कर्मी ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे थे। दोनों की हालत देखकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को मामला समझते देर नहीं लगी। अधिकारी ने दोनों को कतार से बाहर बुलाकर डांट लगाई और थाना प्रभारी को दोनों का मेडिकल कराने कहा।

### पान दुकान के पास मारपीट, चाकू से हमला

**महासमुंद।** बागबाहरा में दो युवकों ने गाली गलौज करते हुए एक युवक के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को आर्यन कुरैशी पिता रहीम कुरैशी निवासी वार्ड नं. 2 शांति नगर बागबाहरा ने बताया कि 7 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे आशीष पान दुकान में अपने भाई आयान कुरैशी के साथ सामान खरीदने गया था। वहां पहले से मौजूद सोनू देवागंन एवं जीतू सेन ने हम लोगों को देख गाली गलौच शुरू कर दिया। जब मेरे भाई आयान कुरैशी ने मना किया तो आरोपी सोनू देवागंन एवं जीतू सेन ने आज तुझे जान से मार देंगे कहने लगे।

**आक्रोश : कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

# बिजली हुई महंगी और कटौती बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश में बिजली बिल की दरों में वृद्धि व लगातार बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी एवं शहर अध्यक्ष रूपेश ठाकुर के संयुक्त नेतृत्व में बिजली कटौती बंद करो, बिजली दर कम करो की तख्तियां लेकर प्रदर्शन रैली निकाल कर नारे बाजी करते हुए कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने कहा की भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में 20 पैसा की बढ़ोत्तरी की है, यह जानता पर अत्याचार है। बिजली दर में 20 पैसा अधिक की बढ़ोत्तरी को राज्य सरकार वापस लेना चाहिए। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है। इस दशा में बिजली दर में बढ़ोत्तरी करना महंगाई से जख्मी जनता के




जख्मों पर नमक छिड़कना है। सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है, हकीकत में पिछले दो माह से बिजली के बिल दोगुने आ रहे हैं। पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो चार घंटे के लिए बंद न हो। घंटों बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थाएं। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। भाजपा सरकार में आम जनता के मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही है। कांग्रेस सरकार ने पूरे पांच साल 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ किया था। भाजपा सरकार आते ही यह योजना बंद हो गई।उक्त रैली प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, वार रूम अध्यक्ष


▶▶ शेष पेज 11 पर


## बिजली बिल बढ़ाना जनता के साथ अन्याय



**कसडोल।** प्रदेश कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम वर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हो रहे बेतहाशा बिजली की कटौती एवं बिजली बिल में भारी वृद्धि के खिलाफ विरोध में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही राज्यपाल के नाम पर कसडोल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा के सरकार जब से बैठी है तब से पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही हैं, जबकि कांग्रेस सरकार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू कर अपने कार्यकाल तक निभाते आए हैं। विदित हो कि भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। यह छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता के साथ घोर अन्याय है, जिसको कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी, चाहे इसके लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगी। विदित हो कि पूर्व में सरप्लस वाले छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। सरकार को आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है, जहां पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा आमजनों के साथ-साथ किसानों को


▶▶ शेष पेज 11 पर


## 20 प्रतिशत वृद्धि, कांग्रेस ने किया आंदोलन



**भाटापारा।** ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण यादव एवं ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक ध्रुव के नेतृत्व में बिजली की कटौती एवं बिजली बिल में वृद्धि में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जनप्रतिनिधियों ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बैठी है, तब से पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही हैं, जबकि कांग्रेस सरकार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू कर अपने कार्यकाल तक निभाते आए हैं। विदित रहे भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। यह छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता के साथ घोर अन्याय है, जिसको कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी, चाहे इसके लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगी ध्यान रहे पूर्व में सरप्लस वाले छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। सरकार को आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है, जहां पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा आमजनों के साथ साथ किसानों को 24 घंटा बिजली आपूर्ति की जाति थी। रबी फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निः शुल्क मिलती थी जो हम सब के लिए फायदेमंद रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप ईश्वर सिंह ठाकुर, सतीश अग्रवाल, कुबेर यद्धु, सुशील शर्मा, आलोक मिश्रा, अरुण यादव, अशोक ध्रुव, अमर मंडावी, सुशील सबलानी, कमल ठाकुर, प्रमिला साहू, लक्ष्मी पांडे,


▶▶ शेष पेज 11 पर




## सरप्लस के बाद भी विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि

**लवन।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राज्य भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। साथ ही प्रदेशभर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ब्लॉक कांग्रेस मुख्यालय लवन में 8 जुलाई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष गुरुदयाल यादव ने कहा की भाजपा सरकार सत्ता में आते ही जनता को लूटना शुरू कर दी है। बिजली दर में 20 पैसे प्रति यूनिट की दर से वृद्धि करने के साथ ही अघोषित बिजली कटौती करने का काम यह सब भाजपा सरकार ही कर सकती है। भाजपा सरकार जनता को लाभ पहुंचाने नहीं लुटने आई है। भाजपा को आए 6 महीने भी नहीं हुए कि लगातार बेतहाशा वृद्धि की जा रही है। बिजली के दरों में वृद्धि के साथ ही साथ कटौती भी जा रही है। सरकार केवल उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही है। यह तो सोचने वाली बात है कि कोयला देने के बाद सरप्लस बिजली जहां तैयार होनी चाहिए कि बिजली कहा जा रही है। ऐसा तो नहीं कि दूसरे राज्य को बेची जा रही है। छत्तीसगढ़ में बिजली उत्पादन होने के बावजूद 20 पैसे प्रति यूनिट की दर वृद्धि की गई है। पूर्व में भूपेश बघेल की सरकार रही तो उन्होंने 40 यूनिट तक बिजली बिल हाफ किया, लेकिन जैसे ही यह सरकार आई वृद्धि होना शुरू हो गया। एक तरफ महिलाओं को एक हजार रूपये दे रही है। वहीं दूसरी तरफ बेतहाशा वृद्धि, महंगाई भी बढ़ती जा रही है। एक हाथ से दे और एक हाथ से डबल ले, यह काम केवल भाजपा की सरकार ही कर सकती है। बिजली कटौती एवं वृद्धि का कांग्रेस विरोध करती है। उक्त धरना प्रदर्शन में देवीलाल बार्वे महामंत्री जिला कांग्रेस बलौदाबाजार, प्रताप डहरिया उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस अनुसूचित विभाग, मृत्युंजय वर्मा, बीरेंद्र बहादुर कुर्रे, कमलनारायण प्रजापति, ओमप्रकाश प्रभुवा, प्रवीण टंडन, मुरारी साहू, अजय बार्वे, श्यामू विश्वकर्मा, रज्जु वर्मा, विक्रांत यादव, संतोष पटेल आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

▪ कांग्रेस ने आंदोलन में प्रदेश सरकार पर लगाया आरोप

## कार ने बस को मारी टक्कर



**टुंडरी।** पुरी से लौट रही कार ने बस को टक्कर मार दी। इस घटना में कार को क्षति पहुंची लेकिन सवार व्यक्ति को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची, जिससे एक बड़ी घटना टल गई।जानकारी के अनुसार बिलासपुर से सारंगढ़ जा रही बस क्रमांक सीजी 10 एम 7726 को तवेरा कार क्रमांक सीजी 28 ई 8019 जो पुरी से मुंगेली जा रही थी, इसी दौरान कार ने बस को टक्कर मारी, जिसमें किसी भी प्रकार व्यक्ति को चोट नहीं पहुंची। दोनों वाहन चालकों के बीच आपसी समझौता हुआ बड़ा हसदा टल गया।

# राजस्व मंत्री ने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम ओटगन में रथयात्रा के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भूमिपूजन एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। ओटगन के प्राचीन राम–जानकी मंदिर से भगवान जगन्नाथ का रथयात्रा धुमधाम के साथ निकाली गई। इसमें मंत्री ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खींच कर छेरापहरा का रस्म निभा कर रथ यात्र की शुरुआत की। इससे पूर्व मंत्री ने राम जानकी मंदिर में आरएसएस के पूर्व प्रांत प्रचारक शांता राम सर्राफ के विशेष सहयोग से निर्माण होने



वाले शिव मंदिर का भूमिपूजन कर मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। तत्पश्चात महामाया चौक में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न निर्माण कार्यों एवं भवनों का लोकार्पण किया। मंत्री ने ग्रामीणों को रथयात्र की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णु देव सरकार द्रुत गति से राज्य का विकास कर रही है। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास संसाधन की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संदेश एक पेड़ अपनी मां के नाम के तहत आप सभी अपने मां के लिए पेड़ अवश्य लगाएं। सरपंच संजीता संजय दीवान की मांग पर मंत्री वर्मा ने


▶▶ शेष पेज 11 पर


## कार में मिला हथियार, दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

चेकिंग के दौरान कार में धारदार हथियार रखने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोनों आरोपी जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के रहने वाले हैं। धारदार हथियार कार में रखे थे।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि रविवार को ग्राम घटमडवा सिद्धबाबा मंदिर के पास मेनरोड पर चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग किया जा रही थी। इसी बीच चेकिंग के दौरान एक ईको वाहन सीजी 25 जे 2301 को रोका गया। कार में ड्राइवर सहित दो व्यक्ति बैठे मिले। पूछताछ में युवकों ने राजेंद्र कुमार 25 साल और 26 वर्षीय शंकर सिंह ने गौरेला-पेंड्रा निवासी बताया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जब कार का सूक्ष्मता से जांच की गई तो कार के अंदर दो नग लोहे का धारदार हथियार गंडासा मिला, जिसे मौके पर जब्त किया गया। कार में सवार दोनों व्यक्तियों से हथियार रखने के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें दोनों द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार


▶▶ शेष पेज 11 पर


**गिधपुरी में दो शिक्षक के भरोसे चल रहा मिडिल स्कूल**

# शिक्षकों के अभाव में प्रवेश लेने वाले बच्चों की संख्या घटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम पंचायत गिधपुरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता दिखाई दे रहा है। जानकारी अनुसार स्कूल में तीन शिक्षकों की पोस्टिंग की गई है, लेकिन उनमें से एक शिक्षक उभे लाल डहरिया विगत 2 वर्ष से माध्यमिक शाला तेलासी में व्यवस्था पर रखा गया है, जिसके चलते गिधपुरी स्कूल के बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों की कमी के कारण 2 वर्ष से स्कूल में बच्चों की संख्या में भी कमी नजर आने लगी है। शिक्षक के अभाव के कारण गांव के बच्चे को बाहर भेजने के लिए पालक मजबूर हो गए हैं।

▪ 92 छात्र–छात्राओं का भविष्य अंधकार में




स्कूल में बात करने पर स्कूल प्रभारी चंद्रिका प्रसाद गेन्डरे ने बताया की स्कूल में उसके साथ शिक्षक शिवकुमार बघेल ड्यूटी करते हैं। स्कूल में ऑफिस वर्क इतना अधिक रहता है, कि एक शिक्षक दिनभर ऑफिस वर्क करता रहता है, तो एक क्लास में बच्चों को पढ़ाने के लिए जाता है, फिर भी दो क्लास छूट जाती है, जिसमें हमारे साथ–साथ बच्चों को भी काफी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हमारे स्कूल में चार शिक्षकों की जरूरत है, जिसमें केवल दो ही शिक्षक है। अभी एडमिशन की प्रक्रिया जारी है और एक शिक्षक दिन भर उसी में व्यस्त रहता है। पिछले साल लगभग 130 बच्चों ने स्कूल में प्रवेश लिया था और इस वर्ष केवल 92 बच्चों ने प्रवेश लिया है।

शिक्षकों की कमी के कारण अब पालक भी अपने बच्चों को दूसरे स्कूल में दाखिला करा रहे हैं। गांव के सरपंच नोहर गोस्वामी व ग्रामीणों ने कहा कि हमने गांव के स्कूल में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए कई बार जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षक अधिकारी को इसके बारे में सूचित किया गया है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**

# आईएएस दंपति की केंद्र से होगी वापसी, प्रशासनिक फेरबदल भी जल्द

**डॉ. रोहित यादव एवं रितु सेन की वापसी के लिए केंद्र से मिली अनुमति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली गए भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त होने के बाद राज्य में उनकी वापसी होने वाली है। इन अधिकारियों में डॉ. रोहित यादव ( 2002 बैच) और आईएएस रितु सेन (2003 बैच) शामिल हैं। दोनों आईएएस अफसर पति-पत्नी हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार, इन दोनों अधिकारियों की वापसी के लिए केंद्र सरकार से अनुमति मिल गई है। साथ ही राज्य में जल्द ही बड़ा प्रशासनिक फेरबदल होने की संभावना है।

आईएएस डॉ. रोहित यादव छत्तीसगढ़ में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं देने के बाद 2 अगस्त 2018 को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली गए थे। वहां उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय ( पीएमओ) में ज्वाइंट सेक्रेटरी बनाया गया था।



### सचिव, विशेष सचिव, कलेक्टर बदले जाएंगे

नए प्रशासनिक फेरबदल की प्रक्रिया में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों जैसे सचिव, विशेष सचिव, संचालक और कुछ जिलों के कलेक्टरों के तबादले संभावित हैं। माना जा रहा है कि सरकार के छह माह के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विभागों की समीक्षा बैठक के बाद विभागों में कामकाज की स्थिति सामने आ रही है। इसी आधार पर ये संभावना व्यक्त की जा रही है कि जिन विभागों और जिलों में कामकाज सरकार की अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाया गया है, तथा जिन विभागों के माध्यम से सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उन विभागों से संबद्ध अधिकारियों की पदस्थापना में अफसरों के प्रदर्शन के आधार पर बदलाव किया जा सकता है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत कलेक्टरों को बदला जाना प्रस्तावित है। राज्य में जिन जिलों के कलेक्टरों को बदला जाना है, उन जिलों में कलेक्टरों के कामकाज की समीक्षा के आधार पर बदलाव संभावित है। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि सरकार किन जिलों के कलेक्टरों को बदलने जा रही है।

इसी तरह रितु सेन दो साल पहले 31 मार्च 2022 को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गई थीं। वहां उन्हें नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (एनएडीए) में सीईओ बनाया गया था। दोनों अधिकारियों की केंद्र में प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त होने पर इनकी वापसी तय है।

### अब होगा बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

छत्तीसगढ़ में कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी और राज्य सरकार द्वारा बुधवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अफसरों के तबादलों के बाद अब प्रशासनिक गलियारों में बड़ा फेरबदल होगा। जल्द ही सचिव, विशेष सचिव, संचालक और कुछ जिलों में कलेक्टरों के तबादला आदेश जल्द जारी किए जा सकते हैं। इसकी शुरुआत बुधवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों के तबादलों से हो चुकी है। इससे पहले जनवरी में 89 अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाएं की गई थीं।

## खबर संक्षेप

### प्रेमप्रकाश आश्रम में 138 यूनिट रक्तदान



**रायपुर।** गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 138वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 53 महिला और 85 पुरुषों ने मिलकर कुल 138 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं को आश्रम की तरफ से पखर, प्रसाद, मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। आश्रम के अध्यक्ष अशोक मंधान व महासचिव विजय मोटवानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी टेऊंराम महाराज का चालीसा जन्मोत्सव 40 दिन तक पूरे देश, विदेश सहित रायपुर में भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें अनेकों सेवाकार्य किए जाते हैं, जिसमें प्रमुख रूप से मासिक अन्नदान, कन्याभोज, ब्राह्मणभोज, रक्तदान सहित अनेकों सेवाकार्य किए गए। इस अवसर पर सर्वानंद मंधान, सुनील थारानी, अशोक मंधान, विजय मोटवानी, गुरमुखदास आहूजा, रवि वाधवानी, इंदर गेहानी, श्याम माधवानी, राजा मंधान, रवि मोटवानी, अनूप, गोलू, दिनेश, संजय, अभिषेक, रितेश, संतोष, प्रदीप आदि शामिल थे।

### नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में जांजगीर-चांपा के एक व्यक्ति ने अपने ही क्षेत्र के एक व्यक्ति के खिलाफ नौकरी लगाने का झांसा देकर 19 लाख 35 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक शिव कुमार साहू ने विजय जांगड़े के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिव ने पुलिस को बताया कि विजय देवेंद्र नगर में भारत कंसल्टेंसी के नाम से ऑफिस खोला था, उसने शिव को उसके परिचित के माध्यम से शिव के बेटे तथा उसके अन्य परिजनों को सरकारी तथा निजी क्षेत्र में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया।

### वाहन चलाने के विवाद में मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने एक मिनीडोर चालक तथा उसके साथी के खिलाफ वाहन चलाने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, अंकित उपाध्याय ने टाटा एस सीजी-04 एनएक्स 6134 के चालक तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अंकित ने पुलिस को बताया कि पचपेड़ी नाका के पास मिनीडोर के चालक ने उस पर ठीक से बाइक नहीं चलाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने किया पौधारोपण

रायपुर। नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और रमण मंदिर वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौर ने रविवार को वार्ड के चूनाभट्ठी डबरापारा रामायण मैदान में कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ पौधारोपण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उन्होंने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने शपथ ली कि पौधे की सुरक्षा कर उसे वृक्ष का स्वरूप दिलाने तक देखरेख करेंगे।

**ट्रेनों में जनरल और स्लीपर कोच बढ़ाने शुरू हुआ काम, दो साल में 10 हजार बोगी का लक्ष्य**

# बिलासपुर जोन की 38 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच दूसरे जोन में नहीं, यात्रियों की भीड़ अब भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच में भीड़ को लेकर रेलवे गंभीर है। मई महीने में रेलवे ने बिलासपुर जोन की 38 ट्रेनों में दोनों तरफ जनरल कोच लगाने का फैसला लिया था। इसका फायदा यात्रियों को मिला है, लेकिन दूसरे जोन की लंबी दूरी वाली ट्रेनों में अब भी रेलवे ने अतिरिक्त कोच नहीं बढ़ाए हैं, जिससे यात्रियों की समस्या कम नहीं हो रही है। रक्सौल-दरभंगा, हावड़ा-अहमदाबाद, समरसता, पोरबंदर एक्सप्रेस समेत पुणे जाने वाली ट्रेनों में रेलवे ने पहले से ही स्लीपर और जनरल कोच में कटौती कर दी है। इसके बाद अतिरिक्त कोच भी नहीं लगाए हैं। यात्रियों को ट्रेनों में खड़े होकर पूरा सफर करना पड़ रहा है। यही वजह है कि ट्रेनों में भीड़ की हालत बदतर हो रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 14 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच अक्टूबर से नवंबर के बीच लगाए जाएंगे, तब तक जनरल व स्लीपर कोच में भीड़ के बीच यात्रियों को सफर करना पड़ेगा। प्रमुख ट्रेनों में अजमेर, नौतनवा, एर्नाकुलम, पुणे, चेन्नई जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं।

- जोन की 38 ट्रेनों में अभी तक रेलवे लगा चुका है जनरल कोच, नवंबर और अक्टूबर में 14 और ट्रेनों में लगेंगे



### 2710 जनरल कोच का होगा निर्माण

रेलवे ने कोच की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए दो साल में करीब दस हजार नॉन-एसी कोच के निर्माण को मंजूरी दी है। यह योजना आम यात्रियों की यात्रा को आसान करने के लिए बनाई गई है। इसमें 5300 से अधिक जनरल कोच हैं। माना जा सकता है कि रेलवे आम यात्रियों को राहत देने का प्रयास कर रहा है। पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 में रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच के अलावा 1470 नान एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्रीकार बनाए जागी। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2710 जनरल कोच का निर्माण किया जाएगा। जिनमें अमृत भारत के जनरल कोच भी शामिल है। अमृत भारत ट्रेन को मिलाकर 1910 स्लीपर कोच बनाए जाएंगे। इसके साथ ही 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाली पार्सल वैन और 110 पेंट्रीकार बनाने की योजना है।

### जोन की ट्रेनों में भीड़ कम करेगा रेलवे

कोच का निर्माण आमतौर पर आवश्यकता के अनुरूप होता है। जाहिर है कि जब इतनी बड़ी संख्या में भारतीय रेलवे की कोच फैक्ट्री में नए कोच का निर्माण होगा तो उसे अलग-अलग रेलवे जोन को दिया जाएगा। इसमें कमाऊपूत जोन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भी शामिल रहेगा। नए कोच उपलब्ध होने के बाद रेल प्रशासन लंबी दूरी की ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा दे सकता है। कई बार ऐसा होता है कि रेलवे अतिरिक्त कोच लगाना चाहता है, लेकिन कोच की उपलब्धता नहीं होने के कारण यह सुविधा शुरू नहीं हो पाती। जबकि अधिकांश ट्रेनों में पीक सीजन के समय अतिरिक्त कोच की जरूरत पड़ती है। इस सीजन के समय ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची बढ़ जाती है। इस स्थिति में यात्री या तो यात्रा रद्द कर देते हैं या फिर वेटिंग टिकट लेकर आरक्षित कोच में सफर करते हैं। बिना बर्थ के यात्रा करने से यात्रियों को परेशानी भी होती है।

## दो हजार लीटर यूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहित, बायोफ्यूल बनाने में होगा इस्तेमाल



**रायपुर।** होटल-खोमचे में खाद्य पदार्थ तलने के कुकिंग ऑयल का दोबारा उपयोग रोकने खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी है। बीते एक माह में जांच के बाद दो हजार लीटर यूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहित किया गया है। इसका इस्तेमाल बायोफ्यूल बनाने में किया जाएगा।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार, स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। बार-बार उपयोग से तेल के गुण बदल जाते हैं और यह सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है, जिसे देखते हुए जांच टीम लगातार निगरानी कर रही है। इसके तहत आज शहर के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए ठेले-खोमचे में उपयोग किए जाने वाले खाद्य तेलों की जांच की गई। सूत्रों के अनुसार, अब तक इस जांच अभियान में दो हजार लीटर तेल संग्रहित किया गया है, जिसका उपयोग बायोफ्यूल बनाने के लिए किया जाएगा। विभागीय टीम द्वारा अधिकृत एजेंसी से समन्वय बनाकर प्रतिवर्ष 10000 लीटर संग्रहित करने का निर्णय लिया गया है।

- होटले-खोमचे की जांच के बाद लिया गया जला तेल, सेहत पर डालता है असर

### जले तेल से होता है प्रदूषण

छोटे-बड़े रेस्टोरेंट, होटल, ढाबे, फूड प्लाजा और स्ट्रीट वेंडर्स समोसा, पकौड़े आदि तलने के बाद बचे हुए तेल को नाली में नहीं बहा पाएंगे, न ही बार बार उपयोग कर पाएंगे। पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य को बचाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन अब इस्तेमाल हुए खाद्य तेल से सीबीडीए और अधिकृत एजेंसी के माध्यम से बायोफ्यूल बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए 27 रुपए प्रति लीटर की दर से तेल खरीदा जा रहा है।

**राज्य सरकार बिजली दर में बढ़ोतरी को वापस ले : बैज**

## बिजली मामलों में कांग्रेस आज करेगी जिलों में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, ऊपर से बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। यह जनता पर अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बिजली दर में बढ़ोतरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए।

प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ति है, इस दशा में बिजली की दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। राज्य सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, हकीकत में पिछले दो माह से बिजली के बिल दुगुने आ रहे हैं। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ता को लूटने की तैयारी भाजपा सरकार कर रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है। कांग्रेस की सरकार ने विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू की थी, जिसका लाभ प्रदेश के 44



लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। उन्होंने कहा, पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता, जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटों बिजली गुल हो जाती है।

### वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

कांग्रेस विजली दरों में बढ़ोतरी और बिजली कटौती को लेकर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पूरे प्रदेश में सोमवार को धरना प्रदर्शन करने जा रही है। जिला स्तर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता, विधायक, पूर्व विधायक और स्थानीय निकायों के अलावा अन्य नेता इसमें भाग लेंगे। प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

### शहीद पुलिस सेल का जल्द होगा गठन

**रायपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता से निर्णय लेते हुए शहीद पुलिस सेल के गठन के निर्देश दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान करना है। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व शहीद पुलिसकर्मियों के परिजन अपनी समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा से मिले थे और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था, तब विजय शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से चर्चा कर उनकी समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। श्री शर्मा ने बताया, प्रत्येक रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में शहीद पुलिस सेल का गठन किया जा रहा है। इस सेल का मुख्य उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों की समस्याओं का निराकरण करना है। सेल में रेंज पुलिस महानिरीक्षक अध्यक्ष होंगे, वही रेंज मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रेंज पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नामांकित उप पुलिस अधीक्षक व निरीक्षक स्तर के अधिकारी सदस्य होंगे।

## पुरानी पेंशन को लेकर सीएम से मिला शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

लाहोद प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ द्वारा पुरानी पेंशन के संबंध में मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, प्रांतीय पदाधिकारी नारायण सोनी, नवीन चंद्राकर, पांडेयजी, बलोदाबाजार जिलाध्यक्ष रुद्र कुमार चंद्रवंशी, अन्य सभी जिला के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, जिला संयोजक हेमंत वर्मा, मुन्नालाल मनहरे प्रांत से आए हुए अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

प्रांत अध्यक्ष राज किशोर तिवारी ने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी 1998-99 से नियुक्त शिक्षक एलबी संवर्ग के शिक्षक है, जिनका नियमितीकरण 2001 में हुआ, जबकि सरकार द्वारा हमें 2018 में शासकीयकरण किया गया। एल बी संवर्ग के शिक्षकों का संविलियन आदेश में पूर्व की सेवा को शून्य कर दिया गया, इसलिए एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पूर्ण पेंशन की पात्रता नहीं मिल पाएगी। साथ ही बहुत सारे शिक्षक जिनकी नियुक्ति 1998-99 में हुई है। उन्हें पेंशन की पात्रता भी नहीं होगी। इन सब को अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि हमारी पूर्व सेवा को गणना करते हुए पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री को इस बात से भी अवगत कराया गया कि नया पेंशन 2004 में प्रारंभ हुआ है, जबकि हम सभी 2004 के पहले नियुक्त शिक्षक है, जिनकी नियुक्ति 1998-99 में हुई है। इसलिए हमें पुरानी पेंशन की पात्रता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हमारी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से चर्चा कर वैधानिक मांग पर सकरात्मक पहल करने की सहमति प्रदान की।

## संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मना



**रवान।** नवीन संकुल केंद्र करमदा अन्तर्गत प्राथमिक शाला करमदा में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें संकुल के अन्तर्गत सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकंडरी स्कूल करमदा के संस्था प्रमुख, शिक्षक–शिक्षिकाए संकुल प्राचार्य, शाला विकास समिति अध्यक्ष के गरिमामय उपस्थिति में, कक्षा 1ली, 6वी, 9वी के नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को स्वागत पूर्वक, मिठाई खिलाकर, गणवेश, पाठ्य पुस्तक, कापी, पेन, अध्यक्ष श्री सोनी एवं संकुल प्राचार्य श्री पटेल के करकमलों द्वारा प्रदान किए गए। उत्सव समारोह में संकुल प्राचार्य नागेश्वर पटेल ने विचार व्यक्त किये। कि शासन के निर्देशो का पालन करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में अधिक ध्यान दिए जाएं। समारोह के आयोजन में संकुल के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा। अन्त में संकुल समन्वयक पटेल ने सभी को कार्य क्रम की सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किए।

**स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे**

# प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव निपटने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर राज्यों के संगठनों में चुनाव होंगे। ऐसे में प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से बदलाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 20 जून को समाप्त हो गया है। वैसे भी उनको मोदी कैबिनेट में लिया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल तो किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके बाद स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में भी मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया पूरी करके प्रदेश संगठन के चुनाव कराए जाएंगे।

- 10 जुलाई को कार्यसमिति में तय होगा, चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी



10 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति में प्रदेश संगठन के चुनाव को लेकर फैसला होगा। इसमें तय होगा कि किस स्तर के चुनाव कब से प्रारंभ होंगे।

बीते साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद उनके स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा विधायक किरण देव को दिया गया। इसी के साथ प्रदेश संगठन के तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा के चुनाव जीतने के कारण उनके स्थान पर नए महामंत्री बनाए गए। किरण देव की कार्यकारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे कार्यकारिणी में बदलाव की बात की गई थी, लेकिन फिलहाल किसी तरह के बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, क्योंकि अब भाजपा के नए राष्ट्रीय का चुनाव होना है। इस चुनाव के तय होने के साथ ही सभी राज्यों में भी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### मंडल स्तर से होने हैं चुनाव

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। संभावना है कि मंडलों के साथ जिलाध्यक्षों में बड़े बदलाव होंगे। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर जरूर कार्यकारिणी में कुछ बदलाव होंगे। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ही रहेंगे या फिर किसी और को बनाया जाएगा, यह भी देखने वाली बात होगी। अगर किरण देव को साय मंत्रिमंडल में स्थान मिल गया तो फिर प्रदेशाध्यक्ष का बदला जाना तय है। पूरी प्रक्रिया का प्रारंभ कब से होगा, इसका फैसला प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में 10 जुलाई को होगा। इस बैठक में पहली बार मंडल अध्यक्षों को भी बुलाया गया है। पहली बार बड़ी कार्यसमिति हो रही है। इसमें प्रदेश संगठन के चुनाव के साथ ही नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर भी मंथन होगा।

## किसान संघर्ष समिति की बैठक सीएम से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

रायपुर। पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति की बैठक रविवार को हुई। इस दौरान उच्च न्यायालय के आदेश पर जलाशय पर आए पुनः संकट के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में 115 वर्ष पुराने, सिंचाई और निस्तार के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाले जलाशय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा और पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि पूर्व में भी सरकार ने किसानों के हितों को देखते हुए जलाशय के कैचमेंट में खनन परियोजना को रोका है। इस बार भी सरकार व्यापक किसानहित में निर्णय लेगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही समय लेकर मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से मुलाकात कर जलाशय के संरक्षण की मांग करेगा। संघर्ष समिति के साथी आलोक शुक्ला को पर्यावरण के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर श्रीफल और शॉल से सम्मान किया गया।

# चिरायु योजना से लक्ष्मी को मिला नया जीवन, अब चल सकेगी

भानु प्रताप साहू ▶▶| कसडोल

विकासखंड में संचालित चिरायु दल द्वारा सराहनीय पहल करते हुए नौनिहाल बच्ची को बड़ा सहारा दिया है। बीते दिवस स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विकासखंड कसडोल से 55 किलोमीटर दूर कच्ची-पक्की सड़क होते हुये चिरायु की टीम ग्राम अमरुवा पहुंची। जहां के प्राथमिक शाला अमरूवा में चिरायु की टीम बच्चों का नाम पुकारकर स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार कर रही थी। इस दौरान एक बच्ची का नाम पुकारने पर वह नहीं उठी, फिर कुछ समय पश्चात बच्ची अपने शरीर को जमीन पर घसीटते हुए चल रही थी, उस बच्ची का नाम लक्ष्मी बरिहा 7 वर्ष था, जिसे देखकर चिरायु टीम के मन में संवेदना जागी, फिर चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण कर शाला के प्रधान पाठक सोमेश्वर से बच्ची के एक पैर नहीं होने का कारण को पूछा, जिस पर श्री सोमेश्वर ने बताया कि बच्ची लक्ष्मी का बचपन से ही उसका एक पैर नहीं है, फिर शाला के प्रधान पाठक के माध्यम से चिकित्सकों ने उनके परिजन को स्कूल बुलवाया। साथ ही पूर्व की चिकित्सीय पर्ची भी मंगायी। इसके बाद लक्ष्मी के पिता हरिचंद बरिहा एवं लक्ष्मी की माता परिवारजनों को समझाया एवं आश्वासन दिलाया कि चिरायु के माध्यम से वह लक्ष्मी के कृत्रिम पैर लगवाने हर संभव प्रयास करेंगे, जिससे वह अपने पैरों से चल पाये एवं किसी पर आश्रित न रहे। फिर चिरायु के चिकित्सकों द्वारा हर जगह उसके कृत्रिम पैर लगवाने प्रयास किया गया। अंततः नारायण सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) में चिकित्सकों ने बात की, फिर रायपुर में कैम्प का आयोजन की जानकारी दी। फिर बच्ची को उनके दादा के साथ 3 माह पूर्व चिरायु की टीम लेके गई।

## स्वास्थ्य विभाग की पहल से अब लक्ष्मी संवारेगी अपना भविष्य




### खुशी के आंसू झलके

तत्पश्चात वहां पैर हेतु मापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बताया गया कि तीन माह पश्चात फिर से कैम्प आयोजित होगा। उस दौरान लक्ष्मी को उसका पैर लगा दिया जायेगा। इस दौरान चिकित्सक निरंतर लक्ष्मी के परिवार एवं नारायण सेवा संस्थान में दूरभाष के माध्यम से जुड़े रहे। फिर नारायण सेवा संस्थान से फोन चिकित्सक को आया कि लक्ष्मी का पैर तैयार हो चुका है। 30 जून को आप कैम्प में बच्चे के साथ उपस्थित हो जाये। 30 जून को लक्ष्मी को उसका पैर लगाया जाना है, इधर कैम्प में उपस्थित होने के बाद पैर लगते ही लक्ष्मी की खुशी उसके आंखों में परिलक्षित हो रही थी। लक्ष्मी अपने पैरों में खड़े होकर बहुत उत्साहित थी एवं उनके दादा की आंखों में आंसू आ गए। लक्ष्मी फिर वहीं अपने पैरी से चली। इस सराहनीय पहल को चिरायु की टीम ने हरिभूमि से साझा किया।



### बच्ची की उज्ज्वल भविष्य की कामना की

इधर लक्ष्मी के पिता हरिचंद, माता, चाचा एवं दादा ने नारायण सेवा संस्थान एवं चिरायु टीम की तारीफ के साथ आभार जताया है, वहीं प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सोमेश्वर ने बच्ची की उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ नारायण सेवा संस्थान एवं चिरायु टीम के सराहनीय सहयोग एवं पहल की प्रशंसा कर आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### हाथी की दस्तक लोगों में दहशत 12 से ज्यादा गांवों में अलर्ट

**महासमुंद।** जिले में एक बार फिर हाथियों की दस्तक देखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार एक दंतैल हाथी तरजुंगा से सरकड़ा गांव की ओर बढ़ रहा है। जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हाथी के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश से वन विभाग अलर्ट मोड पर है और 12 से अधिक गांव में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। हाथी की गतिविधियों के बारे में जानकारी के अनुसार, महासमुंद से गरियाबंद जिले में एक दंतैल हाथी प्रवेश कर रहा है। हाथी सूखा नदी क्रॉस कर गनियारी डैम की ओर तेजी से बढ़ रहा है इसको देखते हुए वन विभाग ने दर्जन भर गांव में अलर्ट जारी किया है। वन विभाग द्वारा गांवों में माइक के जरिए अलर्ट जारी किया जा रहा है और लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी जा रही है।

### लिफ्ट देकर लूट ली सात हजार से ज्यादा की रकम

**महासमुंद।** बाइक सवारों ने एक व्यक्ति को लिफ्ट देकर उससे 7 हजार से ज्यादा रुपए लूट लिए, और उससे मारपीट कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस को भोरिंग पदमन ढीढी पिता देवचंद ढीढी ने बताया कि 3 जुलाई को मैं ग्राम परसवानी से समोदा गया था। वहां से मैं एक व्यक्ति की बाइक में बैठा, जिसने मुझे अछोला शराब भट्ठी जाने के मोड़ के पास छोड़ दिया। यहां से मैं पैदल जा रहा था। रात करीबन 7.30 बजे ग्राम अछोला के छोटे पुल के पास पहुंचा था कि उसी समय ग्राम समोदा की ओर से मोटर सायकल में दो अज्ञात व्यक्ति आए और मुझसे पूछा कि कहां जाना है। इस पर मैने कहा कि मुझे भोरिंग जाना है।

## स्वामी आत्मानंद में मनाया गया प्रवेश उत्सव

# प्रवेशोत्सव पर मेधावी छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

शिक्षा के क्षेत्र में इंग्लिश और हिंदी माध्यमों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाला सेजेस स्कूल की डिमांड इस वर्ष मिले परिणाम के बाद बढ़ गई है। परिजन बड़े पैमाने पर बच्चों को निजी स्कूलों से टीसी लेकर सेजेस में एडमिशन करवा रहे हैं, जिसके कारण सेजेस स्कूल की महत्ता बढ़ गई है।

कसडोल में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव बीते दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पंचायत की अध्यक्ष नीलू चन्दन साहू, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग राजकुमार जायसवाल, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षाधिकारी हिमांशु भारतीय, जिला प्रतिनिधि संतोष कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चन्दन साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष नागेश्वर साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष जोगिंदर दवानी, संकुल समन्वयक चंद्रशेखर तिवारी के साथ साथ पालकगण एवं नगर पंचायत के अन्य प्रमुख गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू ने बच्चों को नियमित पढ़ाई करने कहा। साथ ही पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने बच्चों के पालको का अनुशासन, संस्कार पर ध्यान आकृष्ट किया, ताकि विद्यालय आकर अपनी गुणवत्ता निखार सकें तथा मेरिट में दूसरा और 5वां स्थान लाने के लिए विद्यार्थी, स्टॉफ एवं प्राचार्य को शुभकामनायें दीं।





### डीईओ ने बढ़ाया शिक्षकों का मनोबल

कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में राज्य में टॉप टेन में स्थान प्राप्त किए गए विद्यार्थियो को बधाई दी और विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट रिजल्ट लेकर आने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा की आप सभी ने विद्यालय के साथ साथ पूरे जिले का भी नाम रोशन किए। इसी तरह से निरंतर आगे बढ़ते रहे और अपने माता पिता का सिर गर्व से ऊंचा रखे। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने शिक्षकों को उनके कुशल कार्यक्षमता, विद्यालय के लिए समर्पण, मेहनत लगन के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सहित शिक्षकों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका



### छात्र लगातार स्कूल आएं और लगन से पढ़ाई करें

पलारी। शासकीय प्राथमिक विद्यालय गुमा में शाला प्रवेश उत्सव में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्हें पाठ्य सामग्री प्रदान की गई। बच्चों को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत गुमा सरपंच सरोजनी मांडले ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने व पूरी लगन से पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने कहा बच्चों की शिक्षा के लिए सुविधाओं के विकास और विस्तार के लिए शासन लगातार प्रयास कर रही है। शिक्षकों से घर–घर जाकर बच्चों को शिक्षा के लिए विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने की बात कही। पंच धरम यदु ने शाला प्रवेश उत्सव का महत्व समझाते हुए छात्र–छात्राओं को शाला अनुशासन में रहकर पढ़ाई पर ध्यान देने का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष दयाराम ध्रुव, रामगोपाल यदु, रेणुका प्रसाद, लक्ष्मण नेताम, प्रधान पाठक राजेंद्र रात्रि, प्राचार्य बीएल कोशले, रमा वर्मा, ऋषि कुमार श्रेय, लक्ष्मी साहू, मुरलीधर यदु सहित शिक्षक व पालक उपस्थित थे।



### स्कूलों में बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



**सिमगा।** विकासखंड सिमगा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय चक्रवाय में देवचरण रजक व रामचरण रजक द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गंगा प्रसाद ओगरे सहित संकुल प्रभारी मोनेश गुप्ता, समस्त शिक्षकगण व छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

### प्रवेश उत्सव पर न्योता भोज का आयोजन

पलारी। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला जंगलोर में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें अथितियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को निःशुल्क शाला गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण की गई। विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों को ग्राम पंचायत जंगलोर द्वारा न्योता भोज कराया गया। उक्त कार्यक्रम में सरपंच खिलेंद्र पात्रे, जगतारण कोसले अध्यक्ष, बोधराम खंडेलवाल अध्यक्ष, भानु खंडेलवाल, जामवंत वर्मा, घनश्याम वर्मा, लता निराला, पालकगण एवं शाला के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।





# बंजारी धाम को संवारने ट्रस्ट ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंचल में जन आस्था व पर्यटन का आकर्षक केन्द्र मां बंजारी धाम खपरी में अध्यक्ष रवि तिवारी की अध्यक्षता में ट्रस्ट कोर कमेटी की आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बंजारी धाम में वर्ष भर आयोजित होने वाले धार्मिक, आध्यात्मिक पर्वों, आयोजनों को तिथिवार सूचीबद्ध कर जनसमान्य के लिए पटल पर प्रदर्शित किए जाएं। असहाय, निशक्त, निर्धन वर–कन्याओं का विवाह संपन्न कराने 5000 वर्ग फीट भूमि पर सर्वसुविधायुक्त मंगल–परिणय सदन व वैवाहिक परिसर का निर्माण कराया जाएगा। परिसर में काफी हरियाली है, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सकारात्मक योगदान में वृद्धि का प्रयास करते हुए फलदार, छायादार, आकर्षक पौधे रोपे जायेंगे। मंदिर व परिसर में शत–प्रतिशत स्वच्छता व सौंदर्य पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।विशेष आमंत्रित सदस्य पूर्व अध्यक्ष मंडी एवं नगरपालिका तिल्दा नेवरा डोगेन्द्र नायक, धीरेंद्र वर्मा, अल्ट्राटेक बैकुंठ खोरसी, पूर्व सरपंच मढ़ी देवप्रकाश पैंकरा, नुमान पैंकरा मढ़ी, परमेश्वर वर्मा सोनतरा, सेंचुरी सीमेंट के सेवानिवृत्त प्रबंधन प्रमुख एसजी गंगराडे, आर्किटेक्ट शिल्पी सोनार, संतोष हनुमंता खपरा डीह, मंगसा राम निर्मलकर धनसुली, तुलसी राम गौतम अल्ट्राटेक सीमेंट के अलावा प्रबंधन प्रमुख अदानी पॉवर लिमिटेड, प्रबंधन प्रमुख श्री सीमेंट, प्रबंधन प्रमुख अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी, प्रबंधन प्रमुख अल्ट्राटेक बैकुंठ पदेन विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

### पदाधिकारियों की नियुक्ति में किया गया आंशिक संसोधन

बैठकों में निरंतर अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों एवं सदस्यों के स्थान पर सर्वसम्मति से धाम के लिए समर्पित महानुभावों की नियुक्ति की गई, जिसमें सांसद रायपुर, विधायक धरसींवा को पदेन संरक्षक के अतिरिक्त संरक्षक मंडल में पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी हीरानंद हरिरमानी, सभापति जिला पंचायत बलौदाबाजार अदिति बघमार को शामिल किया गया हैं।अध्यक्ष रवि तिवारी श्री सीमेंट यथावत, उपाध्यक्ष दाऊ देवव्रत नायक रायखेड़ा, महामंत्री लखन लाल वर्मा मढ़ी, भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक एवं छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा रायखेड़ा को यथावत कोषाध्यक्ष, शिक्षक प्रवीण नायक मढ़ी को सचिव, नुतेश्वर वर्मा खपरी को सहसचिव, भागीरथी यदु खपरी, सरपंच प्रतिनिधि रायखेड़ा व पूर्व जनपद सदस्य संतोष कुर्रे, टीकाराम पाल खपरी, पूर्व सरपंच गैतरा रूपेन्द्र कटरिया,चुकुत राम यदु खपरी,पूर्व सरपंच धनसुली खेमनाथ नायक, प्रदेश संगठन मंत्री नमो सेना एवं पूर्व सरपंच चिचोली राजकुमार सिंह ठाकुर, परदेशी राम यदु खपरी,दाऊ सुरेंद्र कुमार सिंह जंजगीरा, गणेश राम यदु खपरी, पुनीत राम यदु खपरी, नारायण यदु खपरी आदि कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए। अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, सरपंच ग्राम पंचायत गैतरा, सोनतरा, मढ़ी, जंजगीरा, रायखेड़ा, चिचोली, खम्हरिया समिति के पदेन आमंत्रित सदस्य होंगे।

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित शासकीय विभागों के कार्यालयों का सोमवार को कलेक्टर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे, श्रम पदाधिकारी आजाद सिंह पात्रे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी मनहरण कोसले, खनिज अधिकारी अवधेश बारिक एवं प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग गोरे लाल रात्रे कार्यालय से अनुपस्थित मिले। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए अनुपस्थित रहने वाले सभी पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान राशन कार्ड बनवाने आने वाले ग्रामीणों से पूछताछ की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन कार्ड बनवाने के लिए लोगों को जिला मुख्यालय आने की जरुरत न पड़े, संबंधित विकासखंड मुख्यालय में ही राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था करें। उन्होंने खाद्य निरीक्षकों को भी लॉग इन पासवर्ड देने कहा।नवीनीकरण के लिए शेष राशन कार्ड को तेजी से बनाने के निर्देश दिए। इसी तरह श्रम विभाग में श्रमिकों के पंजीयन में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में साफ–सफाई पर जोर देते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों के टेबल में नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, खनिज विभाग, ग्रामोद्योग,आयुष, अन्त्यावसायी, आदिवासी विकास, आबकारी, नगर निवेश, योजना एवं सांख्यिकीय, लोक सेवा केंद्र, नकल शाखा, रिकार्ड शाखा आदि का निरीक्षण किया।

# स्कूल में बैकलेस डे पर हुआ बालसभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में बैगलेस डे पर बालसभा का आयोजन कर कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों में शाला नायक, उप शालानायक व कक्षा नायक उप कक्षानायक का चयन किया गया। इसमें शालानायक विशाल वर्मा कक्षा 8वीं, उप शाला नायक प्रतिमा सोनवानी कक्षा 5वीं, कक्षा नायकों में टुनेश्वर पटेल कक्षा 8वीं, अमन टंडन 7वीं, पुष्पेंद्र वर्मा व घनश्याम वर्मा 6वीं, भोजराम वर्मा 5वीं, गोविंदा वर्मा 4थीं, राजतिलक विश्वकर्मा 3री, श्रीराम वर्मा 2री युवराज बंजारे 1 ली। इसी प्रकार उप शालानायक में सानिया वर्मा कक्षा 8वी, रुतेश्वरी वर्मा 7वी, गीतांजलि साहू व राजेश्वरी वर्मा 6वी, दीपिका वर्मा 5वी, शिवानी वर्मा 4थी,सर्वमंगला गौरी 3री, छाया वर्मा 2री, दुर्गा वर्मा 1ली को सर्व सहमति से चयनित किया गया। चयनित बच्चों को शाला के प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा एवं संकुल समन्वयक समारू दास बांधे द्वारा तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर चयनित बच्चों को बधाई देते हुए उन्हें उनके कार्यों एवं दायित्यों के महत्व को बताते हुए शपथ ग्रहण कराया गया। साथ ही पूरे वर्ष भर कार्यों को भलीभांति निर्वहन करने के प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक संतोष कुमार पैकरा, शिक्षक लोमस कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, अरुण कुमार रात्रे, नरेंद्र कुमार साहू, सुकृता सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु, मनोज वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा एवं बच्चे उपस्थित थे।




## पेज 9 के शेष

### बिजली हुई महंगी ...

शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, मोती वर्मा, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, रोहित साहू, लखेश साहू, पद्मेश्वरी साहू, मनोज प्रजापति, गोविंद पात्रे, केके वर्मा, रविन्द्र नामदेव, सुखदेव साहू, अविनाश मिश्रा, देवक जांगड़े, नीलकंठ साहू, चितेश्वर साहू, सुभाष राव, नीलेश बंजारे, सलमान सेख, दीपक साहू, पिंटू वर्मा, टापलाल वर्मा, गणेशु ध्रुव, विद्या वर्मा, थानेश्वर

### बिजली बिल बढ़ाना ...

24 घंटा बिजली आपूर्ति की जाति थी। रबि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निः शुल्क मिलती थी, जो हम सबके लिए फायदेमंद रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप योगेश बंजारे रमेश बैष्णव, दिलेराम वर्मा राज साहू, गायत्री कैवर्त, मनाराम विजन सुरितराम पैकरा, चंदन साहू, प्रकाश छत्री, विशाल खुसरो, रूद्र शंकर कैवर्त, कमलेश कश्यप, अशोक यादव, कमल पटेल, भावेश यादव, गोविंद मिश्रा, अशोक पटेल, निरेनक्षत्रिय, राम खिलावन डहरिया, ओमेश खुटे, राजेश कन्नौजे, पंकज जयसवाल, हेमलाल साहू, जागवत प्रसाद साहू, राजेन्द्र साहू, सोनाराम कैवर्त, जागेश्वर वर्मा, द्वारिका निर्मलकर, गुड्डा वर्मा, कृष्ण कुमार कश्यप सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कनौजे, गोपीचंद आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### 20 प्रतिशत वृद्धि...

दीपक निर्मलकर, रोहित साहू, प्रमेन्द्र तिवारी, विक्की ठाकुर, शैलेंद्र अहिरवार, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, अयूब भाटिया, मनीष पंजवानी, शशांक चौबे, दर्शन बंजारे आदि भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राजस्व मंत्री ने...

महामाया परिसर में अधुरे रंग मंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण के लिए 5 लाख रुपए एवं राम–जानकी मंदिर में शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख देने की घोषणा की। साथ ही मंदिर परिसर में वृहद शिव मंदिर निर्माण के लिए छज्जा लेबल निर्माण तक की राशि प्रदान करने एवं ट्यूबवेल में मोटर पंप लगाने का घोषणा की। कार्यक्रम को भाजपा नेता राम पंजवानी ने भी संबोधित किया।

शासकीय जमीनों पर बेजा कब्जा की शिकायत श्री वर्मा को उपसरपंच राकेश श्रीवास पंच माधोपाल ने बताया कि स्कूल की जमीन सहित गांव के चारों ओर शासकीय जमीनों को कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर खेत बना लिया गया है। जिससे मवेशियों के लिए चारागाह की कमी हो गयी है। पंचायत द्वारा एसडीएम एवं तहसीलदार से विगत तीन वर्षों से लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन राजस्व विभाग के कानों में जूं नहीं रेंग रहा है। जिस पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदार को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा नेता राम पंजवानी, सरपंच संजीता संजय दीवान, नरेंद्र शर्मा, महामंत्री सौरभ जैन, मधुसूदन धर दीवान, ईश्वर यदु, उपसरपंच राकेश श्रीवास, पंच माधो पाल, रथराम ध्रुव, पुनू राम निषाद, चतुर यदु, खेमीन साहू, पुष्पा जगताप, रामजी ध्रुव, रामलाल ध्रुव, रामसेवक परिवार से विजय सोनवानी, ललित मिर्झा, उमेश साहू, संजय साहू, रोहित यादव, भानू ध्रुव, जागृति मंडल रायपुर से आरएस के पदाधिकारी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### कार में मिला ...

का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा-25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मना माता पहुंचनी पर्व

**पलारी।** ग्राम चरौदा में सोमवार को माता पहुंचनी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसमें सुबह से ही शीतला व महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुड़ने लगी। देर रात तक मन्दिर में पूजा अर्चना कार्यक्रम दौर चलता रहा। पर्व में गांव के लोग बड़ी संख्या में मंदिर प्रांगण में जुड़ते रहे। शीतला मंदिर में जय महामाया सेवा समिति द्वारा जस गीत का आयोजन किया गया। मां शीतला को नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना की गई तथा भोग चढ़ाया गया। सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया एवं गांव के श्रद्धालु गण थे।

### अंचल में माता पहुंचनी का पर्व मना

**सुहेला।** अंचल में माता पहुंचनी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ग्राम के महामाया मंदिर में माता की पूजा आरती की गई। ग्राम की सेवा समिति टीम गली भ्रमण कर ग्रामवासियों को आमंत्रित किये। शाम को माता की सेवा गाकर माता की पूजा किए। ग्रामीणजन घरों से क्षमता नुसार चावल, दाल, सब्जी, श्रीफल भेंट किए। माता की दिए धूप प्रज्वलित कर पूजा कर मनोकामना मांगे, सभी भक्तों को नीम पत्ती से जल छिड़क कर स्नान कराया गया। जल को घर भी लेकर गए पवित्रीकरण के लिए माना जाता है कि इस पूजा विधि से माता रानी की कृपा सदैव बनी रहती है।

### 6वीं से 10वीं तक के छात्रों का प्री स्टेट होगा



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा ईएसपीएल सीओडीई 852 में 8 से 28 जुलाई तक आईसीटी योजना अन्तर्गत सत्र 2024–25 में कक्षा 6वीं से 10वीं तक की कक्षाओं के विद्यार्थियों का आईसीटी लैब युक्त विद्यालयों में प्री टेस्ट आयोजन करने संबंधी राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ (संदर्भ बेनेट कोलमेन एंड कंपनी लिमिटेड मुंबई) से आदेश प्राप्त हुआ था। जिसमें कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान के आंकलन हेतु प्री टेस्ट लिया जाना है। इस परीक्षा में विद्यार्थियों को अंग्रेजी, हिंदी, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा कंप्यूटर विषय से संबंधी 25 वस्तुनिष्ट प्रश्न, आधारित ऑनलाइन परीक्षा दिलानी है। इसी तारतम्य में मिडिल स्कूल खरोरा ईएसपीएल सीओडीई 852 में कक्षा 6वीं में 13 छात्र-छात्राएं, 7वीं में 10, एवं कक्षा 8वीं में 04 छात्र– छात्राओं में भाग लिए। ऑनलाइन परीक्षा में बच्चों का परिणाम उत्तम रहा। प्रधान पाठक सुशीला वर्मा द्वारा कहा गया कि ऐसे ही परीक्षा आयोजित बीच–बीच में उच्च कार्यालय द्वारा कराई जानी चाहिए, जिससे बच्चों की आंकलन होता रहे।

## निधन

### सहोदरा जायसवाल



**बलौदाबाजार।** स्थानीय निवासी सहोदरा जायसवाल का सोवार को निधन हो गया। वह स्व. लखन जायसवाल, जगदीश, कन्हैया, निरंजन की मां थी। अंतिम संस्कार 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे राम घाट रायपुर रोड मोक्ष धाम,बलौदा बाजार में किया जाएगा।

# किसी भी विवाद का आपसी सहमति के साथ निराकरण करें ग्रामीण

## राजस्व शिविरों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर ने ग्रामीणों को दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

तहसील अंतर्गत ग्राम पैंजनी में आयोजित पखवाड़ा का निरीक्षण करने कलेक्टर पहुंचे। उनके साथ रायपुर जिला के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं बलौदा बाजार जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु एवं जनपद सदस्य ललिता यदु भी मौजूद थे।

इस दौरान कलेक्टर ने शिविर में आए ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों एवं किसानों को किसान किताब बी–1, पी–2 अपने हाथों से प्रदान किया, जिससे किसान बेहद गदगद हुए। इस दौरान सभी राजस्व अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करने निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी राजस्व संबंधित आवेदनों के निराकरण में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी आवेदनों का निराकरण समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा गांव में किसी भी प्रकार का विवाद आपसी सहमति के साथ निराकरण करें।

परमेश्वर यदु ने कहा की स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग ले, साथ में किसी भी प्रकार के अवैधानिक कार्य किया जाता है तो उसकी जानकारी प्रशासन को दे। इस दौरान परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नीम पेड़ का रोपणकर गांव वालों को अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने का संदेश दिया।




### कलेक्टर ने बच्चों से पहाड़, जोड़-घटाना पूछा

कलेक्टर दीपक सोनी ने ग्राम पैंजनी के ही प्राथमिक शाला में पहुंच कर कक्षा पहली के नवप्रवेशी स्कूली बच्चों से मुलाकात की एवं कक्षा चौथी एवं पांचवी कक्षा के बच्चों को पहाड़, जोड़-घटाना पूछकर एवं सवाल जवाब कर उनका उत्साह वर्धन किया। पहाड़ा पूछने पर बच्चों ने कलेक्टर को पूरा पहाड़ा-पढ़कर सुनाया, जिस पर कलेक्टर ने बच्चों को टाफी भेंट की। उक्त शिविर में राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित पटवारी, कोटवार, सरपंच एवं सचिव, किसान एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## वन विभाग की अभिनव पहल: नदी तट वृक्षारोपण योजना के तहत किया पौधारोपण

# वन विभाग ने शुरू की नदी का कटाव रोकने की मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

बारहमासी नदियों के तटों को भू-क्षरण से रोकने एवं नदियों में पानी के बहाव को सतत बनाये रखने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा चलाई जा रही 'नदी तट वृक्षारोपण योजना' एक अभिनव पहल है। 'नदीतट वृक्षारोपण योजना' के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में बलौदाबाजार वनमंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में 112 हेक्टेयर क्षेत्र में 178922 पौधों का रोपण किया गया है, जो कि शत-प्रतिशत जीवित हैं। नदियों में अत्यधिक जलभराव होने से भू-क्षरण एवं कटाव की स्थिति लगातार निर्मित हो रही है, इसे रोकने के लिए विभाग द्वारा नदी के तटों पर उपलब्ध भूमि पर वृहद पैमाने पर पौधारोण किया जा रहा है। नदीतट पौधारोपण के फलस्वरूप एक ओर जहां स्थानीय ग्रामीणों को पौधारोपण कार्यों से रोजगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर नदी तट के समीपस्थ किसानों को भूमि कटाव की कमी से कृषि कार्य में सुविधा तथा उत्पादन में वृद्धि का भी लाभ प्राप्त हो रहा है। इसके तहत फलदार पौधारोपण से ग्रामीणों की आये में बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा स्थानीय ग्रामीण अंतर्वतीय फसल तथा नदी किनारे सब्जी उत्पादन का कार्य भी कुशलतापूर्वक कर रहे हैं। नदी तट पौधारोपण से नदियों के आसपास ग्रीन कवर में भरपूर इजाफा हुआ है, जिससे प्रकृति की सौंदर्यता बढ़ी है। नदियों में बढ़ते कटाव, भू-जल क्षरण को रोकने एवं अन्य लाभ हेतु वन विभाग द्वारा प्रतिवर्ष नदीतट पौधारोपण किया जा रहा है, जो नदी एवं स्वच्छ जलवायु का प्रतीक साबित हुई है। जिले में महानदी, शिवनाथ नदी, जोंक नदी एवं बालमदेही नदी का प्रवाह क्षेत्र है। नदीतट वृक्षारोपण से नदियों के दोनों ओर पर्यावरण संतुलन की स्थितियां बेहतर हुई हैं एवं ग्रामीणों में निस्तार आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध हुई है तथा नदी तट के आसपास निवासरत किसानों को भूमि कटाव की समस्या से भी निजात मिला है।



### 112 हेक्टेयर में 178922 पौध का रोपण हुआ

नदी तट वृक्षारोपण योजना के तहत वन विभाग द्वारा वर्ष 2019 में 8 हेक्टेयर में 8800 पौधारोपण, वर्ष 2020 में 31 हेक्टेयर में 34100 पौधारोपण, वर्ष 2021 में 15 हेक्टेयर में 72000 पौधारोपण, वर्ष 2022 में 8 हेक्टेयर में 8800 पौधारोपण तथा वर्ष 2023 में 50 हेक्टेयर क्षेत्र में 55222 पौधारोपण किया गया है, जो कुलमिलाकर विभाग द्वारा 112 हेक्टेयर में 178922 पौध का हुआ रोपण किया गया है। इसके अलावा विभाग द्वारा इस वर्ष के वर्षाऋतु में कसडोल विधानसभा के ग्राम चिचिरदा, दर्रा एवं चांटीपाली के 43 हेक्टेयर नदीतट क्षेत्र में 47300 पौधों का रोपण किया जाएगा।







### यह पौधा का हुआ रोपण

वन विभाग द्वारा योजना के अंतर्गत किए जाने वाले पौधारोपण में सागौन, बांस, आंवला, शिशु, आम, नीलगिरी, इमली, करंज, अर्जुन, पीपल, जामुन, बेल, कदम, कटहल, हर्रा, अमरूद, सीताफल, नीबू एवं औषधि प्रजाति के कई पौधे शामिल हैं।

### नदी के बहाव व भू क्षरण को रोकना जरूरी

विभाग का मुख्य उद्देश्य प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण करना है, साथ ही नदी के बहाव व भू क्षरण को रोकने के लिए नदी तट पौधारोपण योजना के तहत पौधों का रोपण किया गया था, जो कि वर्तमान में शत प्रतिशत जीवित है। वन विभाग जिलेवासियों से इस मानसून प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाने की अपील है।

**-मयंक अग्रवाल**, वनमंडलाधिकारी, बलौदाबाजार

# अंचल में नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव/मुड़पार/सरसींवा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया है। इसमें सिविल और राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन संबंधी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगे। इसमें मुकदमा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड–19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे। विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 जुलाई को खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्रवाई के मामले, भाड़ा नियंत्रण संबंधी, सुखाधिकार संबंधी, विक्रयपत्र, दानपत्र, वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे। यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकदमा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबंध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक प्राधिकरण, सिविल और राजस्व न्यायालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

- राजीनामा, बिल, बीमा आदि प्रकरणों का होगा निराकरण

# पेंशनर भवन के पास गंदगी का अंबार, बुजुर्ग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के सुभाष बाज़ार स्थित भवन में साल के 365 दिन गंदगी का अंबार लगा होता हैं। नगरपलिका कर्मचारी एवं प्रशासन भी बस खानापूर्ति करते ही नजर आते हैं अन्यथा स्थिति इतनी विकराल न होती।

पेंशन भवन अक्सर अपने विभिन्न सामाजिक एवं नेक कार्यों के कारण अखबारों की सुर्खियों में रहता हैं, जहां नगर के प्रतिष्ठित लोग और बड़े नेता मंत्रियों का आगमन होता हैं, जिनमें कभी वें बुजुर्गों के प्रति और बुजुर्ग महानुभावों के प्रती श्रीफल, शॉल सम्मान प्रकट करते हैं, परंतु बदले में उन्हें नगर से प्राप्त हो रही हैं गंदगी।

पेंशन भवन में रोज़ाना बुजुर्गों का उठना बैठना होता हैं और सप्ताह में दो बार सुंदरकांड का पाठ एवं विभिन्न मौकों पर विभिन्न कार्यक्रम, जिसमें बड़े-बड़े नेता मंत्री अक्सर शामिल हुआ करते हैं। ऐसे में ये नगर के कुछ मुख्य भवनों में से एक बन जाता हैं, परंतु न लोग अपने आदतों से और प्रशासन अपने अड़ियल रवैए से बाज़ आते हैं। कचरे के ढेर का आलम यह हैं कि कचरा भवन के मुख्य गेट तक फैला हुआ होता हैं। चूंकि संघ के पास एक ही भवन हैं। ऐसे में बुजुर्ग कचरे के बीच बैठने मजबूर हैं। आस पास के सभी वार्डों का कचरा उसी स्थान पर फेंका जाता हैं जिससे कचरा इतना ज्यादा मात्रा में होता हैं कि संघ उसे रोजाना अपने कोश से साफ नहीं करवा सकता।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाए गए अनेक पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरुक करने और पेड़ों के महत्व को समझाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आरंभ किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इस अनूठी पहल ने राज्य में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है।



अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। इस तरह से न केवल पर्यावरण का संरक्षण होगा, बल्कि मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता भी व्यक्त की जाएगी। इस मुहिम के तहत अब तक हजारों पेड़ लगाए जा चुके हैं और समाज के हर वर्ग से भरपूर सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने एक संबोधन में कहा, हमारी माताएं हमें जीवन देती हैं, उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। इस अभियान के माध्यम से हम अपनी माताओं के प्रति सम्मान प्रकट कर सकते हैं और साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं।

# मल्दा ब, बहलीडीह और भिखमपुरा में राजस्व शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सारंगढ़ अनुविभाग में 9 जुलाई को मल्दा ब, बहलीडीह और भिखमपुर में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। सारंगढ़ तहसील के मल्दा ब में शिविर सारंगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत मल्दा ब में आयोजित शिविर में अमझर, गाथापीढा, भीमसेनडीह, मकरी, अमलीडीपा, कंवरगुड़ा, बेहराचुवा, भद्रीउड़ान, सोनाडुला, घोठला बड़े, झारमुडा, बिछलवा, सरायपाली, खैरपाली, फरसवानी, लोहारिनडिपा, मल्दा ब, बरगांव, बरपाली, बंधापाली, बुदेली, देवसर, गोडा, टांडापाली, बघनपुर, बोइरडीह, मानिकपुर, सिंगारपुर, जोगीडीपा, खरवानी बड़े, परसदा छोटे, परसकोल छोटे भालूपानी और कोर्रापानी के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य कर सकते हैं।

**बरमकेला तहसील के बहलीडीह में शिविर:** बरमकेला तहसील के ग्राम पंचायत बहलीडीह में आयोजित शिविर में ग्राम हिर्री, गोपालपुर, सरायपाली, जामछापर, सेमीकोट, पिकरीपाली, चिंगरीडीह और लामीपाली के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर सकते हैं।

### सरिया तहसील के भीखमपुरा में शिविर

सरिया तहसील के भीखमपुरा मेंआयोजित शिविर में भीखमपुरा, बुदाबुदा, पिहरा, विजयपुर चिंतामणिपाठ के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नागरिक शिविर में उपस्थित पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पंचायत सचिव इस शिविर के एक दिन पूर्व ग्रामीणों से राजस्व के आवेदन स्वीकार करेंगे और शिविर के दिन सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे किसान पुस्तिका, बी–1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप–जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में संपन्न होगा।

## राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

# अघोषित बिजली कटौती के विरोध में उतरे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लाक कांग्रेस ने डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समीप छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ अघोषित बिजली कटौती तथा बिजली बिल भारी वृद्धि के विरोध में धरना प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा के सरकार जब से बैठी है तब से पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही हैं, जबकि कांग्रेस सरकार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू कर अपने कार्यकाल तक निभाते आए हैं विदित रहे भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। यह छत्तीसगढ़ की जनता के साथ घोर अन्याय है, जिसं कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। चाहे इसके लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगी। ध्यान रहे पूर्व में सरप्लस वाले छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। सरकार को आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है, जहां पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा आमजनों के साथ साथ किसानों को 24 घंटा बिजली आपूर्ति की जाति थी, रबी फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलती थी।



धरना प्रदर्शन प्रभारी मनीष चंद्राकर, जिला महामंत्री गोपी साहू, खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, लोकेश कनौजे अध्यक्ष रजक कल्याण बोर्ड, सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी, सुमित्र घृतलहरे जिला पंचायत सदस्य, नंदेश्वर साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत रोहासी, महेश्वरी कुर्रे, सोहगी सारथी, श्यामा बाई धुरव, सुकालू राम यदु, मेघनाथ यादव, शशिकांत वर्मा, अमृत साहू, रामस्वरूप वर्मा, संतोष देवांगन, बीसन रजक, दंपेश यादव, हीरालाल यादव, दुबेराम यादव, पुरषोत्तम साहू, भगवानदाश, उमाशंकर मंडले, आनंद खंडेलवाल, पकालू राम आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तालाब में तब्दील हुई सड़क जनलेवा साबित हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रोहरा से दौरेंगा के मध्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 5 किलोमीटर तक सड़क मरम्मत नहीं होने के कारण मार्ग अत्यंत जर्जर व खराब स्थिति में है। ग्रामीण और छात्रों ने लोक निर्माण विभाग के उपअभियंता को जानकारी दी है, किन्तु विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे बरसात के दिनों में वहां से पैदल चलना दुर्भर होता है। दो पहिया वाहन चालकों को भी जगह-जगह गड्ढे वाले रोड के कीचड़ एवं जगह-जगह पानी भरे होने के कारण वाहन चलाना मुश्किल होता है। ऐसे में कभी भी अत्यंत गंभीर दुर्घटना की स्थिति बना रहती है। उक्त मार्ग भाटापारा के शाला एवं कालेज के साथ आसपास के बड़े बाजारों से जुड़ा हुआ है, जिससे विद्यार्थियों, व्यवसायियों एवं आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शीघ्र उक्त रोड की मरम्मत आवश्यक हो गया है। इसके लिए सोमवार को विद्यालय छात्राओं ने विरोध जताया।

- छात्रों ने किया विरोध, मरम्मत की अपील की



